समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026

# अत्यधिक पाले से सरसों-चना की फसल बर्बाद, भारतीय किसान संघ ने मुआवजे की मांग उठाई

राजेश चौधरी

Published on 30 Jan 2026




अत्यधिक पाले के कारण सरसों और चने की फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष **राजेंद्र सिहाग** के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नोहर तहसील जिला हनुमानगढ़ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपते हुए किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार तापमान जमाव बिंदु से नीचे चले जाने के कारण क्षेत्र में सरसों की फसल लगभग **100 प्रतिशत नष्ट** हो गई है, जबकि चने की फसल को भी गंभीर नुकसान हुआ है। अचानक पड़े भीषण पाले से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और वे भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

भारतीय किसान संघ ने मांग की कि **तुरंत प्रभाव से गिरदावरी करवाई जाए** और फसल नुकसान का आकलन कर किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते राहत नहीं दी गई तो किसानों की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में
**महामंत्री पृथ्वी सिंह साहू, उपाध्यक्ष गंगाराम बेनीवाल, प्रताप सिंह सहारण, कृष्ण सारण** सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से किसानों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मांग पत्र प्राप्त कर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का आश्वासन दिया।

**संवाददाता :** राजेश चौधरी

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect,

publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.